# न्यायालय जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – डॉ. मंजू (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 001/2025(रा.प्रा.प.) (GCMS 2025/1) | 17.02.2025 | 12.05.2026 |

**उनवान**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, निम्बाहेड़ा, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. शांतिलाल पिता देवराज जाति भांबी निवासी श्रीपुरा, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
2. संतोष पत्नी शांतिलाल जाति भांबी, निवासी श्रीपुरा, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**अप्रार्थीगण**

उपस्थिति :– श्री भैरूलाल सालवी — राजकीय अभिभाषक
श्री दीपक शर्मा — अधिवक्ता विपक्षी संख्या 1 व 2

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत नियम 14(04) भू आवंटन नियम, 1970 विरूद्ध आदेश उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा बमिसल क्रमांक 826/2021 आवंटन दिनांक 17.12.2021**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है प्रार्थी ने एक प्रार्थना–पत्र अंतर्गत राजस्थान भू–राजस्व (कृषि–प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 के नियम 14(04) के अन्तर्गत विरूद्ध अप्रार्थीगण के इस आशय का प्रस्तुत किया कि अधीनस्थ भू–आवंटन कमेटी द्वारा विपक्षी संख्या 01 व 02 को मौजा निम्बोदा पटवार हल्का निम्बोदा, तहसील निम्बाहेड़ा की

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बिलानाम आराजी संख्या 302 रकबा 0.43 हैक्टेयर किस्म भटबेड़ भूमि के संबंध में किया गया भू–आवंटन विधि, नियम एवं तथ्यों के विपरित होने से निरस्त योग्य है। आराजी नम्बर 302 रकबा 0.43 हैक्टेयर के वर्तमान में आराजी नम्बर 563/302 रकबा 0.43 हैक्टेयर किस्म भटबेड़ अप्रार्थीगण के नाम गैर खातेदारी से दर्ज है। आवंटित आराजीयात पर विपक्षीगण का कब्जा नहीं है तथा ना ही आवंटी द्वारा काश्त की जा रही है। विपक्षीगण का कब्जा नहीं होते हुए भूमि आवंटन करने में भूल की थी, जो विधि विरूद्ध होने से निरस्तनीय है, अतः प्रार्थना–पत्र स्वीकार फरमाया जाकर विपक्षीगण का आवंटन निरस्त फरमाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर विपक्षीगण को जरिये सूचना पत्र तलब किया जाकर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब किया गया। विपक्षी संख्या 01 व 02 की ओर से अधिवक्ता श्री दीपक शर्मा ने अधिकार पत्र एवं जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया। अधीनस्थ उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा की भू आवंटन पत्रावली तलब की गई जो प्रभारी अधिकारी, जिला अभिलेखागार चित्तौड़गढ़ के पत्रांक/अभिलेखागार/2025/826 दिनांक 04.03.2025 से पत्रावली प्राप्त हुई। प्रकरण में उभय पक्षकारान की सहमति से स्थगन प्रार्थना–पत्र पर कार्यवाही स्थगित की जाकर प्रकरण में बहस मूल पत्रावली उभय पक्ष सुनी गई।

सर्वप्रथम विद्वान राजकीय अभिभाषक ने प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि विपक्षीगण को मौजा निम्बोदा तहसील निम्बाहेडा की आराजी संख्या 302 रकबा 0.43 हैक्टेयर किस्म भूमि भटबेड़ के संबंध में भू–आवंटन विधि, नियम एवं तथ्यों के विपरित होने से निरस्त योग्य है। विपक्षीगण का उक्त आवंटित आराजीयात पर आदिनांक तक कब्जा काश्त नहीं रहा है फिर भी विपक्षीगण को आवंटन कर दी जो अवैधानिक होकर निरस्त किये जाने योग्य है। विपक्षीगण किसी भी स्थिति में आवंटन के पात्र नहीं है।

इस पर विद्वान अधिवक्ता विपक्षीगण ने कथन किया कि भू–आवंटन कमेटी द्वारा विपक्षीगण को आवंटन नियमों के अधीन किया गया है, जो किसी भी प्रकार से निरस्त नहीं किया जा सकता है, उक्त प्रकरण में भू–आवंटन में किसी प्रकार की धोखेबाजी व गलत तथ्य प्रस्तुत नहीं किये गये है तथा आवंटन विधि अनुसार किया गया है। प्रार्थी तहसीलदार निम्बाहेडा द्वारा स्वयं आवंटन का पात्र माना जाकर आवंटन कमेटी में सदस्य के रूप में आवंटन की अनुशंषा की गई है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान 2021 में सरकार द्वारा भूमिहीन कृषको को अभियान अन्तर्गत ही भूमि आवंटन के आदेश थे और उस अनुसार भू–आवंटन सलाहकार समिति की पूर्ण बैठक में आवंटन का आदेश पारित किया गया है जो किसी भी प्रकार से निरस्त किये जाने योग्य नहीं है। प्रार्थी तहसीलदार निम्बाहेडा द्वारा कब्जे नहीं होने का गलत तथ्यों को आधार बनाकर आवेदन पेश किया है। वर्तमान में मौजा निम्बोदा की आराजी संख्या 302 रकबा 0.46 हैक्टेयर किस्म

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

